तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	दीपक गुप्ता बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार जोधपुर) **सू.अ.अ. अपील संख्या 240 / 2019**	
13.01.20	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी दीपक गुप्ता मार्फत गोरधनलाल,पता 307, इन्द्रा कॉलानी, मैन रोड़, पाली ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 17.10.2019 में उसके द्वारा (1) माह मार्च 1984 से 1986 अवधि में मेरे वेतन भुगतान से की जी पी एफ खाता संख्या 277183 में की गई समस्त कटौती राशियां के G.A. 55A/schedule बिल सं0 दिनांक, टी.वी. नम्बर व भुगतान तिथि सहित की प्रमाणित प्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार भू.अ. जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	